संख्या-51/2015-1671/चौदह-4-2015

प्रेषक,

अशोक कुमार
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
वन्य जीव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

वन अनुभाग-4 लखनऊ, दिनांक,04 दिसम्बर, 2015

विषय- जनपद इटावा में निर्माणाधीन बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लायन सफारी योजना के अंतर्गत सृजित अस्थायी 88 पदों की वर्ष 2015-16 हेतु क्रमागत निरन्तरता की स्वीकृति प्रदान किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-347/16-24 (लायन सफारी) दिनांक 10.08.2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद इटावा में निर्माणाधीन बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लायन सफारी योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-994/14-4-2013-505/2013 दिनांक 19.06.2013 तथा शासनादेश संख्या- 1524/14-4-2014-505/2013टी0सी0 दिनांक 19.06.2013 शासनादेश संख्या-यू0ओ0-79/14-1-2014 दिनांक 31.10.2014 तथा शासनादेश सं0-2971/14-4-2013-505/2013 दिनांक 31.12.2013 तथा शासनादेश संख्या-1915/14-4-505/2014 दिनांक 12.08.2014 द्वारा सृजित 90 अस्थायी पदों में से 02 पदों की वित्तीय वर्ष 2015-16 की क्रमागत निरंतरता शासकीय पत्र सं0-420/14-12015-21/2014 दिनांक 16-03-2015 द्वारा दिनांक 01.03-2015 से दिनांक 29.02.2016 तक प्रदान की गयी है। अवशेष 88 पदों की वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु दिनांक 01.03.2015 से 29.02.2016 तक क्रमागत निरन्तरता जारी किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त पदधारक को सामान्य नियमों तथा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों के अनुसार अन्य भत्ते देय होंगे।

3- उक्त पद पर होने वाला व्यय अनुदान सं0-60 लेखाशीर्षक-2406-वानिकी तथा वन्य जीव आयोजनागत-02-पर्यावरणीय वानिकी तथा वन्य जीव-110-वन्य जीव परिरक्षण-12 जनपद इटावा में बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लायन सफारी पार्क की स्थापना मद के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-167(I)/चौदह-4-2015, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

2- महालेखाकार दिवतीय, अलीगंज, लखनऊ।

3- अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

4- कम्प्यूटर आपरेटर को आन लाइन करने हेतु।

आज्ञा से,

(मो0 जुनीद)

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in